

# एशियाई खेल 2026 : जापान को 3-1 से हराकर भारतीय महिला हाकी टीम सेमीफाइनल में

गिफू

भारतीय महिला हाकी टीम ने एशियाई खेल 2026 के पूल बी के अहम मुकाबले में मेजबान जापान को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ भारत ने लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पूल में शीर्ष दो में अपना स्थान भी सुनिश्चित कर लिया।

भारत के लिए लालरेमसियामी, इशिका चौधरी और नवनीत कौर ने गोल किए, जबकि जापान की ओर से शिहो कोबायाकावा ने एक गोल किया।

भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की।

पहले क्वार्टर में नवनीत कौर के प्रयास को जापान की गोलकीपर यू कुडो ने रोक लिया, लेकिन रिबाउंड पर लालरेमसियामी ने तेजी दिखाते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत को बढ़त दिला दी। जापान ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने माही उएनो के पेनल्टी कार्नर प्रयास को शानदार तरीके से रोक दिया।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने दबाव बढ़ाया और हाफ टाइम से ठीक पहले अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। नवनीत के पेनल्टी कार्नर प्रयास को जापानी डिफेंस ने रोका, लेकिन इशिका चौधरी ने रिबाउंड पर सतर्कता दिखाते हुए गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

तीसरे क्वार्टर में नवनीत कौर ने जापानी डिफेंस को छकाते हुए शानदार गोल किया और भारत की बढ़त 3-0 कर दी।


अंतिम क्वार्टर में जापान ने वापसी की कोशिश की और शिहो कोबायाकावा ने जोरदार टामहाक के जरिए गोल कर अंतर 3-1 कर दिया। हालांकि भारतीय टीम ने इसके बाद जापान के दबाव को बेअसर करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस जीत के बाद भारत के चार मैचों में चार जीत से 12 अंक हो गए हैं और उसने पूल बी में शीर्ष दो में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। जापान नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि थाईलैंड भी अपने बाकी मुकाबले जीतकर 12 अंक तक पहुंच सकता है। हालांकि जापान और थाईलैंड को अपने अंतिम पूल मुकाबले में एक-दूसरे का सामना करना है, इसलिए दोनों टीमों का एक साथ भारत के 12 अंकों तक पहुंचना संभव नहीं है।

भारत अब पूल बी के अपने अंतिम मुकाबले में सिंगापुर का सामना करेगा। भारत ने 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था।

## न्यूज ब्रीफ

### शतरंज ओलंपियाडः आठवें दौर में भारत ने दोनों वर्गों में खेला ड्रा, रैंकिंग में आई गिरावट



**समरकंद।** 46वें शतरंज ओलंपियाड के आठवें दौर में भारत को ओपन और महिला, दोनों वर्गों में ड्रा से संतोष करना पड़ा। ओपन वर्ग में भारत ने अजरबैजान के साथ 2-2 से ड्रा खेला, जबकि महिला वर्ग में कजाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। इन नतीजों के बाद दोनों वर्गों में भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। ओपन वर्ग में विश्व चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का अजरबैजान के ग्रैंडमास्टर महामद मुरादली के खिलाफ मुकाबला ड्रा रहा। भारत और अजरबैजान के बीच चारों बोर्ड पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला और अंत में दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा। आठ दौर के बाद भारत 13 अंकों के साथ ओपन वर्ग में सातवें स्थान पर है। मेजबान उज्बेकिस्तान 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। महिला वर्ग में भारत को कजाकिस्तान ने 2-2 से बराबरी पर रोका। भारत की ओर से अलुआ नूरमान ने ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू को हराया। वहीं, साविता श्री ने वुमन इंटरनेशनल मास्टर एलनाज कलियाखमेत के खिलाफ ड्रा योग्य एंडगेम में मुकाबला बराबरी पर समाप्त कर भारत को ड्रा दिलाने में योगदान दिया। महिला वर्ग में आठ दौर के बाद भारत 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है, जबकि चीन 15 अंकों के साथ शीर्ष पर है। इससे पहले सातवें दौर में भारत ने दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया था। ओपन वर्ग में भारत ने इंग्लैंड को 2.5-1.5 से हराया था, जबकि महिला वर्ग में जर्मनी को 3.5-0.5 से मात दी थी। छठे दौर के बाद भारत ओपन वर्ग में तीसरे और महिला वर्ग में भी तीसरे स्थान पर था। ओपन वर्ग में उज्बेकिस्तान 14 अंकों के साथ शीर्ष पर था, जबकि महिला वर्ग में चीन और उज्बेकिस्तान 13-13 अंकों के साथ भारत से आगे थे।

### एशियाई खेलः जोशना चिनप्पा-वेलवन सेमीफाइनल में, स्क्वैश मिश्रित युगल में भारत का पदक पक्का



**आइची-नगोया (जापान)।** भारत की जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार ने एशियाई खेल 2026 में स्क्वैश मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में जगह बनाकर देश का कम से कम कांस्य पदक पक्का कर दिया है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस की जोड़ी को सीधे गेमों में 11-3, 11-5 से हराया। इस जीत के साथ चिनप्पा और वेलेवन पदक दौर में पहुंच गए। 40 वर्षीय जोशना चिनप्पा के लिए यह पदक खास है। उन्होंने 16 साल बाद एशियाई खेलों में एक और पदक पक्का किया है। वह इससे पहले भी महाद्वीपीय स्तर पर भारत के लिए पदक जीत चुकी हैं। अब सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना शनिवार को हांगकांग की ली का यी और तांग मिंग होंग की जोड़ी से होगा। भारतीय खिलाड़ी जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेंगे। इस बीच, भारत के लिए टेबल टेनिस में भी पदक पक्का हुआ है। मनुष शाह और दीया चिताले ने मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की वोंग चुन टिंग और डू होई केम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को चीन की लिन शिदोंग और कुआई मैन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने मालदीव की अमिनाथ अब्दुल रज्जाक और निबाल अहमद की जोड़ी को हराकर मिश्रित युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

### एशियाई खेल : भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच ने पूर्व एशियाई चैंपियन को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**आइची-नगोया।** भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच ने एशियाई खेल 2026 में पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सचिन ने पूर्व एशियाई चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जार्डन के मोहम्मद अबू जाजेह को 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया। सचिन ने पहले राउंड में सतर्क शुरुआत की। शुरुआती दौर में दोनों मुक्केबाजों ने ज्यादा आक्रामकता नहीं दिखाई, लेकिन सचिन के पंच अधिक प्रभावी रहे। राउंड के अंत में लगाए गए उनके एक शानदार लेफ्ट हुक ने भी प्रभाव छोड़ा। जजों ने सचिन के पक्ष में 3-2 का फैसला दिया। दूसरे राउंड में दोनों मुक्केबाजों ने अपनी गति बढ़ाई। सचिन ने एक और प्रभावी लेफ्ट हुक लगाया, जबकि मोहम्मद ने जवाबी पंच के साथ अपनी लंबाई का फायदा उठाने की कोशिश की। मुकाबला करीबी रहा, लेकिन सचिन के पंच बेहतर तरीके से कनेक्ट हुए और जजों ने उन्हें 4-1 से यह राउंड भी दे दिया। तीसरे और निर्णायक राउंड में जार्डन के मुक्केबाज ने वापसी के इरादे से आक्रामक शुरुआत की। हालांकि, वह साफ पंच लगाने में सफल नहीं रहे और थकान का असर भी दिखाई देने लगा।

# एशियाई खेल : रुद्रांक्ष-अश्वर्य-नीरज की तिकड़ी ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में जीता रजत

आइची-नगोया

भारत ने एशियाई खेल 2026 में निशानेबाजी में एक और पदक अपने नाम किया। रुद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम ने फाइनल में 1762-94× का स्कोर बनाया और चीन के 1766-95× से चार अंक पीछे रही। चीन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1751-87× के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

भारत ने 2022 एशियाई खेलों में इसी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार उसे चीन से अपना खिताब गंवाना पड़ा। इस रजत के साथ भारत के एशियाई खेलों में 19 पदक हो गए हैं, जिनमें दो स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य शामिल हैं।

**ऐश्वर्य और नीरज व्यक्तिगत फाइनल में** - टीम स्पर्धा के साथ ही ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार ने व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में भी जगह बना ली है। ऐश्वर्य ने 589-34× के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि नीरज 588-34× के साथ चौथे स्थान पर रहे।

रुद्रांक्ष पाटिल 585-26× के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह नहीं बना सके।

**ऐश्वर्य का शानदार अंतरराष्ट्रीय सफर** - मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के रतनपुर गांव के रहने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में भारत के प्रमुख निशानेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 2015 में भोपाल स्थित मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण शुरू किया।

2019 में सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के साथ जूनियर विश्व रिकार्ड बनाया।

इसके बाद 2021 में नई दिल्ली आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण और लीमा में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में जूनियर विश्व रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ऐश्वर्य टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने 2025 में काहिरा आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में रजत और 2026 में नई दिल्ली एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।





**नीरज भी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में** - होशियारपुर के नीरज कुमार ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में लगातार अच्छे प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने 2022 आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में टीम कांस्य पदक जीता था।

2026 एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप में नीरज ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया था और टीम स्वर्ण में भी योगदान दिया था। अब एशियाई खेलों में उनके पास व्यक्तिगत स्पर्धा में एक और पदक जीतने का मौका है।

**रुद्रांक्ष पाटिल की उपलब्धियां** - भारतीय निशानेबाज रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने कम उम्र में ही 10 मीटर एयर राइफल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। महाराष्ट्र के ठाणे के रहने वाले रुद्रांक्ष भारत के प्रमुख राइफल निशानेबाजों में शामिल हैं और देश के लिए कई बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में पदक जीत चुके हैं।

रुद्रांक्ष ने 2022 में काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह अभिनव बिंद्रा के बाद इस स्पर्धा में व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने। उनकी इस उपलब्धि से भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा भी हासिल किया था।

रुद्रांक्ष ने 2022 में ही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की पुरुष टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने आईएसएसएफ प्रेसिडेंट्स कप, विश्व कप और एशियाई चैंपियनशिप में भी कई पदक हासिल किए हैं। 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि 2024 में जकार्ता में भी इसी स्पर्धा में स्वर्ण हासिल किया था।

# एशियाई खेल 2026: अनाहत और अभय सिंह ने स्क्वैश सेमीफाइनल में बनाई जगह



आइची-नगोया

भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह और अभय सिंह ने एशियाई खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला और पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले सीधे गेमों में जीतकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

18 वर्षीय अनाहत सिंह ने महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अपनी हमवतन 30 वर्षीय तान्वी खन्ना को 3-0 (11-2, 11-5, 11-3) से हराया। अनाहत ने महज 15 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

अनाहत ने पहले गेम से ही मुकाबले पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने शानदार ड्राप शाट्स की मदद से पहला गेम 11-2 से अपने नाम किया। उनकी तेज और आक्रामक शैली के सामने तान्वी को काफी परेशानी हुई।

दूसरे गेम में भी अनाहत ने दबाव बनाए रखा। तान्वी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन अनाहत ने 11-5 से गेम जीतकर बढ़त 2-0 कर ली। तीसरे गेम में भी उन्होंने अपनी लय बरकरार रखी और 11-3 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

सेमीफाइनल में अनाहत का सामना जापान की सातोमी वातानाबे से होगा। विश्व की छठी रैंकिंग की खिलाड़ी वातानाबे ने 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। दोनों खिलाड़ियों के बीच इससे पहले एक मुकाबला हुआ था, जिसमें अनाहत ने 2-0 की बढ़त बनाने के बावजूद मुकाबला 2-3 से गंवा दिया था।

## अभय सिंह भी अंतिम चार में

पुरुष एकल में अभय सिंह ने जापान के रयूनोसुके त्सुकुए को 3-0 (11-4, 11-3, 11-6) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। करीब 30 मिनट चले मुकाबले में अभय ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और जापानी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

अभय का सामना सेमीफाइनल में हमवतन वीर चोत्रानी से हो सकता है, अगर वीर अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को हरा देते हैं। ऐसी स्थिति में पुरुष एकल में आल-इंडिया सेमीफाइनल होगा और भारत का कम से कम रजत पदक सुनिश्चित हो जाएगा।

### एशियाई खेलः मानुष-दीया सेमीफाइनल में, टेबल टेनिस मिश्रित युगल में पदक पक्का



**आइची-नगोया (जापान)।** भारत के मानुष शाह और दीया चितले ने एशियाई खेल 2026 में इतिहास रचते हुए टेबल टेनिस मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय जोड़ी ने कम से कम कांस्य पदक भी पक्का कर लिया है। विश्व नंबर आठ मानुष और दीया ने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग, चीन की विश्व नंबर चार जोड़ी डू होई केम और वोंग चुन टिंग को 3-1 से हराया। भारतीय जोड़ी ने मुकाबला 11-6, 13-15, 11-9, 11-5 से अपने नाम किया। मानुष और दीया एशियाई खेलों में टेबल टेनिस मिश्रित युगल में पदक पक्का करने वाली भारत की दूसरी जोड़ी बन गई है। इससे पहले 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में शरत कमल और मनिका बत्रा ने मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों में भारत ने टेबल टेनिस में अब तक पुरुष टीम (2018), मिश्रित युगल (2018) और महिला युगल (2023) में कांस्य पदक जीते हैं। अब सेमीफाइनल में मानुष और दीया का सामना चीन की विश्व नंबर दो जोड़ी वांग चुकिन और सुन यिंगशा से होगा। चीनी जोड़ी इस स्पर्धा की दो बार की मौजूदा चैंपियन है।

# एशियाई खेल 2026 : नेपाल को 48-24 से हराकर भारतीय महिला कबड्डी टीम फाइनल में

आइची-नगोया

गत चैंपियन भारत ने एशियाई खेल 2026 की महिला कबड्डी स्पर्धा के सेमीफाइनल में नेपाल को 48-24 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और अब स्वर्ण पदक के लिए खेलेगी।

भारत ने मुकाबले की तेज शुरुआत की और शुरुआती पांच मिनट के बाद 9-5 की बढ़त बना ली। भारतीय रेडरों ने लगातार अंक जुटाए, जबकि नेपाल ने भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाने की कोशिश की।

नेपाल ने वापसी का प्रयास करते हुए सोनाली को सुपर टैकल से रोककर अहम अंक हासिल किया। इसके बावजूद भारत ने 15-10 की बढ़त बनाए रखी।

इसके बाद नेपाल की गंगा घिमिरे ने शानदार रेड करते हुए चार अंक हासिल किए। एंकल होल्ड के बावजूद उन्होंने लाइन को छू लिया और लंबी जांच के बाद उनकी रेड को चार अंकों के रूप में मान्यता दी गई। इससे भारत की बढ़त 21-15 रह गई।

हालांकि, भारतीय टीम ने इसके बाद मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। संजू देवी और सोनाली के प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहले हाफ की समाप्ति तक 31-17 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे हाफ में भी भारत ने अपना दबदबा कायम रखा और नेपाल को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

भारतीय डिफेंस और रेडिंग दोनों ने लगातार अंक जुटाए और अंतत: टीम ने 48-24 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ गत चैंपियन भारतीय महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में जगह पक्की कर ली है। स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारत का सामना चीनी ताइपे या ईरान से होगा। फाइनल खेला जाएगा।





भारतीय टीम अब एशियाई खेलों में अपने खिताब का बचाव करने और देश के पदकों की संख्या में एक और स्वर्ण जोड़ने के इरादे से उतरेगी।

# एशियाई खेल 2026 : पीटी उषा ने निशानेबाजों के जज्बे और एकाग्रता को सराहा, पदक जीतने पर दी बधाई

आइची-नगोया

**भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने एशियाई खेल 2026 के छठे दिन भारतीय निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। भारतीय निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में एक-एक रजत और स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदक अभियान को मजबूती दी।**

पीटी उषा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए उनके जज्बे और एकाग्रता को सराहा। उन्होंने रुद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार के साथ-साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली सुरूचि सिंह और कमलजीत को बधाई दी और ऐश्वर्य तथा नीरज को व्यक्तिगत फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं।

पीटी उषा ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने जिस जज्बे और एकाग्रता का प्रदर्शन किया है, उस पर गर्व है। सुरूचि और कमलजीत की युवा पिस्टल मिश्रित टीम ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। ऐश्वर्य, नीरज और रुद्रांक्ष की 50 मीटर थ्री पोजीशन टीम ने भी दमदार प्रदर्शन किया। ऐश्वर्य और नीरज को उनके फाइनल के लिए शुभकामनाएं।

पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में रुद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार की भारतीय टीम ने 1762-94× का स्कोर बनाया। चीन ने 1766-95× के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया को 1751-87× के साथ कांस्य पदक मिला।



भारतीय टीम ने 2022 एशियाई खेलों में इसी स्पर्धा का स्वर्ण जीता था। इस बार उसे चीन से अपना खिताब गंवाना पड़ा।

व्यक्तिगत स्पर्धा में ऐश्वर्य 589-34× के साथ तीसरे और नीरज 588-34× के साथ चौथे स्थान पर रहे। दोनों ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के व्यक्तिगत फाइनल में जगह बना ली है। रुद्रांक्ष 585-26× के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके।

वहीं, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सुरूचि सिंह और कमलजीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 484.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 478.0 अंक के साथ रजत और ईरान ने 415.8 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इंडोनेशिया 349.4 अंक के साथ बाहर हो गया।

सुरूचि और कमलजीत ने स्वर्ण पदक जीतने के दौरान एशियाई रिकार्ड भी तोड़ा। भारतीय जोड़ी का 484.6 अंक का स्कोर इससे पहले उज्बेकिस्तान के नाम रहे 481.3 अंक के रिकार्ड से बेहतर रहा। यह रिकार्ड इस साल नई दिल्ली में आयोजित एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाया गया था।

इस स्वर्ण पदक के साथ भारत ने एशियाई खेलों में अपना दूसरा स्वर्ण हासिल किया। भारत के अब कुल 19 पदक हो गए हैं, जिनमें दो स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य पदक शामिल हैं।